23 May 2025_Copy of Layout 1 5/23/2025 1:37 PM Page 1


# दैनिक नज़रिया ख़बर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




पेज-07


RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 323 | देहरादून, शुक्रवार 23 मई, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### अकेशिया पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का किया आयोजन



**देहरादून।** अकेशिया पब्लिक स्कूल में 19 मई से सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्रों द्वारा भाग लिया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करके उनकी क्षमताओं का विकास करना और उन्हें कुछ नया सिखाना है शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ शामिल की गयी है जिनमें विभिन्न भाषाओं में देशभक्ति गीत इतिहास और भूगोल का ज्ञान, स्थानीय नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जागरूकता स्थानीय भोजन, नुक्कड़ नाटक अदि शामिल है छात्राओं ने शिविर में पारम्परिक वेशभूषा पहनकर सभी को मोहित किया।

### हल्द्वानी में विशाल जयहिंद रैली 31 मई को

**देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन देश पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ देश के सैन्य बलों के अदम्य साहस के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 31 मई को हल्द्वानी में विशाल जयहिंद रैली का आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवान ने बताया कि रैली की तैयारी हेतु 24 मई 2025 को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में स्वराज आश्रम हल्द्वानी में पार्टी के वरिष्ठ नेता गणों, विधायक, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, एआईसीसी, पीसीसी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, सभी अनुषांगिक संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ के अध्यक्षगणों की बैठक का आयोजन किया गया है। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता गणों एवं पदाधिकारीगणों से समन्वय की जिम्मेदारी प्रदेश महामंत्री संगठन श्री विजय सारस्वत को सौंपी गई है।

# सफलता न केवल चयनित युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का है परिणाम : सीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में 112 नवचयनित परिवहन आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 2 प्रचार वाहनों को भी रवाना किया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सफलता न केवल चयनित युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है, बल्कि इसमें उनके परिवारजनों के सहयोग, त्याग और आशीर्वाद की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि परिवहन विभाग में परिवहन आरक्षी का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है, चाहे यात्री सेवाओं का सुचारू संचालन हो, सड़क सुरक्षा की निगरानी हो, वाहन पंजीकरण की प्रक्रिया हो या प्रदूषण नियंत्रण हो, प्रत्येक व्यवस्था में इनकी अहम भूमिका हैं। इसलिए आपकी यह नौकरी मात्र एक सरकारी नौकरी नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि नवनियुक्त




नवनियुक्त परिवहन आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते सीएम।

### भ्रष्टाचार की कार्य संस्कृति को जड़ से खत्म करने का राज्य सरकार का अटल संकल्प

परिवहन आरक्षियों अपेक्षा करता हूँ कि आप न केवल अपने कार्यस्थल पर कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन बनाए रखेंगे, बल्कि आमजन के साथ संवाद और सहयोग की भावना से भी कार्य करेंगे। प्रयास होना चाहिए कि आमजन का कार्य ऑटो मोड पर हो उन्हें अनावश्यक न भटकना पड़ें सरकार भ्रष्टाचार की कार्य संस्कृति को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध हैद्य टोल फ्री नम्बर 1064 पर भ्रष्टाचार की शिकायतों की प्रभावी सुनवाई हो रही है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि परिवहन विभाग प्रदेश में सुगम और सुरक्षित सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हम सभी जानते हैं कि जैसे जैसे राज्य में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोत्तरी हुई है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने उत्तराखंड पहुंचे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने उनका स्वागत किया। तीन दिनों तक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रामनगर स्थित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और उनका कार्यक्रम पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों उत्तराखंड की हसीन वादियों में हैं। वो पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने पंतनगर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है।

# ऑन द स्पॉट की दिव्यांग महिला की पेंशन स्वीकृत, नि:शुल्क उपलब्ध कराई व्हीलचेयर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनता की सेवा के लिए देहरादून डीएम सविन बंसल हर पल समर्पित रहते है। जनता दरबार, बहुउद्देशीय शिविर, क्षेत्र भ्रमण के अलावा हर दिन बडी संख्या में लोग अपनी व्यथा और समस्या लेकर डीएम दफ्तर पहुंचते है।

जिलाधिकारी संवेदनशीलता और सहानुभूतिपूर्वक न केवल जनता की समस्या सुनते है, बल्कि प्रभावशाली तरीके से उनका समाधान भी करते है। डीएम सविन बंसल अपनी स्वच्छ ईमानदार छवि, दृढ निश्चय, कडे फैसले और जन सेवा के प्रति



जिलाधिकारी।

संवेदनशील कार्यशैली के लिए खासे लोकप्रिय है। ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान होने पर लोगों को अक्सर कहते सुना है, डीएम हो तो ऐसा...... ऐसा ही एक प्रकरण पिछली जनसुनवाई के दौरान भी सामने आया। जब देहरादून ओगल भट्ा, क्लिमेंटाउन निवासी एक दिव्यांग महिला राखी अपने पति विजेन्द्र कुमार के साथ जन सुनवाई दिवस पर डीएम दफ्तर पहुंची और अपनी पूरी व्यथा डीएम को सुनाई। शारीरिक रूप से 40 प्रतिशत दिव्यांग राखी ने दिव्यांग पेंशन और नौकरी का अनुरोध किया। डीएम ने दिव्यांग महिला की पूरी व्यथा सुनी और मौके पर ही दिव्यांग पेंशन की स्वीकृत की। यही नही डीएम ने दिव्यांग महिला और उसके पति को क्लेक्ट्रेट से ''सारथी'' वाहन द्वारा उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया। डीएम की संवेदनशील कार्यशैली से गदगद महिला सहसा कह उठी, डीएम हो तो ऐसा.......

जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले का तत्काल संज्ञान लिया और दिव्यांग महिला के परिवार से संपर्क किया। महिला के पास आय प्रमाण नहीं था। तहसील से संपर्क करते हुए तत्काल महिला का आय प्रमाण पत्र बनवाया और आवेदन ऑनलाइन करते हुए अप्रूव किया। इसके बाद दिव्यांग महिला राखी की पेंशन कार्यालय से ऑनलाइन कर दी गई है। माह जून से पेंशन धनराशि प्रतिमाह रुपये 1500 की स्वीकृति के बाद माह जुलाई 2025 से उनके बैंक खाते में भुगतान कर दी जाएगी। आवेदक महिला 40 प्रतिशत दिव्यांग है।

# संपादकीय

## अमरनाथ यात्रा से है उम्मीद

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की गोली मारकर हत्या करने के एक महीने बाद शहर में पर्यटकों का आना कम हो गया है। इस घटना ने पहलगाम और जम्मू–कश्मीर में पर्यटन को बड़ा झटका दिया है। स्थानीय लोग यात्रियों का इंतजार कर रहे हैं। पहलगाम होटल और मालिक संघ ने कहा है कि पिछले महीने में होटल में बुकिंग दर घटकर 10 प्रतिशत रह गई है, शहर के 1,500 से अधिक होटल खाली हो गए हैं। स्थानीय रेस्तरां, जिनके कर्मचारी अपनी आजीविका के लिए पर्यटकों पर निर्भर हैं, उन्हें भोजन परोसने के लिए ग्राहक नहीं मिल रहे हैं। स्थानीय व्यापारी मोहम्मद अशरफ ने कहा कि मेरा मुख्य व्यवसाय वाहनों से जुड़ा है, जो पर्यटन से जुड़ा है। (पहलगाम में) पर्यटकों की हत्या हुए एक महीना हो गया है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन आतंकवादियों ने जो किया, वह नहीं होना चाहिए था। उस दिन से पहलगाम सुनसान है। उन्होंने कहा कि हमारे पास ये सभी गाड़ियाँ हैं, लेकिन उन्हें किराए पर देने वाला कोई नहीं है। फिर भी, हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में या अगले साल पर्यटन फिर से फलेगा–फूलेगा। हमें सरकार पर 100: भरोसा है कि चीजें एक बार फिर से बेहतर होंगी। अब हम यात्रा (अमरनाथ यात्रा) पर अपनी उम्मीदें टिकाए हुए हैं, जिससे हमें थोड़ी कमाई हो जाएगी। अभी, कोई पर्यटक नहीं है। अशरफ ने बताया कि मैं 55 साल का हूँ, मैंने आतंकवाद देखा है। लेकिन यह पहली बार है जब पहलगाम में हमला हुआ है...यह हमारा दुर्भाग्य था। ऐसा नहीं होना चाहिए था। 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की हत्या के बाद, भारत ने आक्रामक रुख अपनाया और हमले में पाकिस्तान की अहम भूमिका के लिए उसे दंडित किया। भारत की प्रतिक्रिया, ऑपरेशन सिंदूर, 7 मई को शुरू की गई, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया, जिसका उद्देश्य हमले से जुड़े नेटवर्क को नष्ट करना था। इस ऑपरेशन में सटीक मिसाइल हमले शामिल थे और इसे भारत की आतंकवाद विरोधी रणनीति में एक महत्वपूर्ण वृद्धि के रूप में वर्णित किया गया था। इतना ही नहीं, भारत ने प्रमुख हवाई ठिकानों सहित कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को नष्ट करके पाकिस्तान की आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब दिया। फिलहाल जम्मू और कश्मीर पहलगाम आतंकी हमले के बाद से जूझ रहा है, जो कभी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हुआ करता था, लेकिन अब यह एक भूतहा शहर बन गया है।

# आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज बनाते समय उनका सही प्रकार से सत्यापन किया जाए

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जाए। टोल फ्री नम्बर 1064 का व्यापक स्तर पर प्रचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण से संबंधित मामलों में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में सत्यापन अभियान लगातार जारी रखने के साथ ही संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को बनाने समय उनका सही प्रकार से सत्यापन किया जाए। गलत दस्तावेज जारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध चल रहे अभियान को निरंतर जारी रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई जा चुकी है, वहां दोबारा अतिक्रमण न हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी भवनों के निर्माण कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही भवनों के निर्माण में राज्य की सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक पर्वतीय वास्तुशैली को प्रमुखता दी जाए। अधिकारियों को बॉर्डर क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं।

# चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा पर आए कर्नाटक बेंगलुरु निवासी यात्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यात्री सी पी रमेश पुत्र चन्द्र मोली उम्र ( 59) अपने दोस्तों संग बीते 16 मई को चारधाम यात्रा के लिए निकले थे। यमुनोत्री के बाद वे बीते 20 मई को गंगोत्री पहुंचे जहां सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें उत्तरकाशी अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था तभी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर डॉक्टरों द्वारा उन्हें हायर सेंटर ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर किया गया। जैसे ही एम्बुलेंस कण्डीसौड़ के पास पहुंची तो अचानक सीने में तेज दर्द होने के कारण नजदीकी अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कंडीसौड़ छाम लगाया गया। यहां डाक्टरों के द्वारा सी पी रमेश को मृत घोषित कर दिया गया। थाना छाम के पुलिस उपनिरीक्षक जुगल किशोर भट्ट ने बताया कि शव को पंचनामा करने के बाद उनके पुत्र व दोस्तों की सुपुर्दगी में पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बौराड़ी भेज दिया गया है।

# यूरोपीय यूनियन के देशों से खाड़ी देशों तक...7 दल 59 हस्तियां..दुनियाँ में बेनकाब करेगी पाक की आतंकवाद पर नीति



## दुनियाँ में जाकर भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सांसद सात- पाक को देंगे मात-आतंकवाद के प्रति पूरा विश्व होगा शून्य सहिष्णुता के साथ

गोंदिया। वैश्विक स्तरपर भारत को बौद्धिक क्षमता में सर्वश्रेष्ठ देश कहा जाता है, इसमें कोई दो राय नहीं है।क्योंकि कभी गुलामी की जंजीरों में जकड़ा भारत, आज के परिपेक्ष में विश्व के अनेक देशों में मूल भारतीय या तो राज कर रहे हैं या फिर बड़े पदों के माध्यम से राजकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, क्योंकि भारत के काम करने की रणनीति अलग ही है जो भारत की मिट्टी मैं समय हुई है। हथियारों से हमला करके तो एक झटके में किसी को भी समाप्त किया जा सकता है, परंतु दुनियाँ के सामने उसकी सच्चाई को उजागर कर, उसे तिल–तिल हर पल हर दिन अपमान में जीने पर मजबूर करता है, हम इस आर्टिकल के माध्यम से इस स्थिति को ऑपरेशन सच्चाई का नाम दे रहे हैं। अभी भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सर्जिकल स्ट्राइक की सफलता को अंजाम दिया है, जिसमें हथियारों का उपयोग हुआ था।अब भारत के सर्वदलीय 7 प्रतिनिधि मंडलों जिसमें करीब सभी दलों के व अन्य सामान्य 59 प्रतिनिधि शामिल होंगे,जो दुनियाँ के कोने–कोने में जाकर मित्र देशों के पास, पाक की अंदरूनी सच्चाई बताकर उसे बेनकाब करेंगे,जिसे मैं इस आर्टिकल के माध्यम से ऑपरेशन सच्चाई का नाम दे रहा हूं। चूँकि पूरी दुनियाँ में आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों को भेजना भारत की पारंपरिक जबरदस्त रणनीति लाजवाब है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से,चर्चा करेंगे दुनियाँ में जाकर भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सांसद सात,पाक को देंगे मात, आतंकवाद के प्रति पूरा विश्व होगा शून्य सहिष्णुता के साथ।

साथियों बात कर हम मेरे दिए गए नाम ऑपरेशन सच्चाई के सात दलों के सदस्यों व उनके नेतृत्वकी करें तो (1) सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के पहले ग्रुप में सात सांसद भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जाएंगे।इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एस फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन औवैसी,सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद हैं। उनके साथ राजनियक हर्षवर्धन शृंगला जाएंगे। (2) सांसदों का दूसरा समूह भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में यूके, फ्रांस, जर्मनी, यूरोप, इटली और डेनमार्क जाएगा। इसमें बीजेपी सांसद डी पुंडरेश्वरी, शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, मनोनीत सांसद गुलाम अली खताना, कांग्रेस सांसद डॉ.अमर सिंह, भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य, एमजे अकबर होंगे। उनके साथ राजनयिक पंकज सरन होंगे। (3) तीसरा समूह जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में इंडोनेशिया,मलयेशिया,कोरिया गणराज्य,जापान और सिंगापुर जाएगा। इसमें भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, एआईटीसी सांसद युसूफ पठान, भाजपा सांसद बृजलाल, सीपीआई एम सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास, भाजपा सांसद प्रदान बरुआ, हेमांग जोशी व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल हैं। इस ग्रुप में राजनयिक मोहन कुमार होंगे।(4) सांसदों का चौथा समूह शिवसेना सांसदश्रीकांत शिंदे के नेतृत्वमें संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया कांगो गणराज्य, सिएरा लियोन जाएगा। इसमें समूह में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज,आईयूएमएल के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजद सांसद सस्मित पात्रा, भाजपा सांसद मनन मिश्रा और पूर्व सांसद एसएस अहलूवालिया शामिल हैं। इस समूह में राजनयिक सुजन चिनॉय भी होंगे। (5) कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सांसदों का एक दल अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया जाएगा। इसमें लोजपा सांसद शाम्भवी, जेएमएम सांसद डॉ. सरफराज अहमद, टीडीपी सांसद जीएम हरीश बालयोगी,भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कालिता, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा,भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या शामिल होंगे। इस समूह में राजनयिक तरनजीत सिंह संधू होंगे। (6) सांसदों का छठवां ग्रुप डीएमके सांसद के कनिमोझी के नेतृत्व में स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस जाएगा। इस समूह में सपा सांसद राजीव राय,एनसी सांसद मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा सांसद कैप्टन ब्रजेश चौटा, आरजेडी सांसद प्रेमचंद्र गुप्ता, आप सांसद अशोक कुमार मित्तल का नाम शामिल है।

अतः अगर हम उपयोग पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे किदुनियाँ में जाकर भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सांसद सात–पाक को देंगे मात– आतंकवाद के प्रति पूरा विश्व होगा शून्य सहिष्णुता के साथ।यूरोपीय यूनियन के देशों से खाड़ी देशों तक...7 दल 59 हस्तियां..दुनियाँ में बेनकाब करेगी पाक की आतंकवाद पर नीति,पूरी दुनियाँ में आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखने 7 सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों को भेजना भारत की पारंपरिक जबरदस्त रणनीति लाजवाब है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# सरकारी नौकरी मात्र नौकरी नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वः सीएम

## सीएम धामी ने 112 नवनियुक्त परिवहन आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में 112 नवचयनित परिवहन आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 2 प्रचार वाहनों को भी रवाना किया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सफलता न केवल चयनित युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है, बल्कि इसमें उनके परिवारजनों के सहयोग, त्याग और आशीर्वाद की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग में परिवहन आरक्षी का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है, चाहे यात्री सेवाओं का सुचारू संचालन हो, सड़क सुरक्षा की निगरानी हो, वाहन पंजीकरण की प्रक्रिया हो या प्रदूषण नियंत्रण हो, प्रत्येक व्यवस्था में इनकी अहम भूमिका हैं। इसलिए आपकी यह नौकरी मात्र एक सरकारी नौकरी नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त परिवहन आरक्षियों अपेक्षा करता हूँ कि आप न केवल अपने कार्यस्थल पर कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन बनाए रखेंगे, बल्कि आमजन के साथ संवाद और सहयोग की भावना से भी कार्य करेंगे। प्रयास होना चाहिए कि आमजन का कार्य ऑटो मोड पर हो उन्हें अनावश्यक न भटकना पड़े द्य सरकार भ्रष्टाचार की कार्य संस्कृति को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध हैद्य टोल फ्री नम्बर 1064 पर भ्रष्टाचार की शिकायतो की प्रभावी सुनवाई हो रही है।




कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि परिवहन विभाग प्रदेश में सुगम और सुरक्षित सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हम सभी जानते हैं कि जैसे जैसे राज्य में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोत्तरी हुई है। इसलिए राज्य में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हमने फरवरी 2025 में ''नई उत्तराखण्ड सड़क सुरक्षा नीति 2025'' लागू की है। इस नीति के अन्तर्गत सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ हमारे इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के योग्य, परिश्रमी और प्रतिभावान युवाओं को उनकी काबिलियत के आधार पर पारदर्शी तरीके से समान अवसर प्राप्त हों। पारदर्शी तरीके से होने वाली भर्ती और पदोन्नति युवाओं में भरोसा जगाती है। यह पारदर्शिता बेहतर तरीके से उन्हें प्रतियोगिता में उतरने के लिए प्रेरित करती है, हमारी सरकार इसी दिशा में निरंतर काम कर रही है। पूर्व की सरकारों की और से भर्ती प्रक्रियाओं पर लगाये गए कलंक को मिटाने के लिए ही हमने राज्य में देश का सबसे कठोर ''नकल विरोधी कानून'' लागू किया है। इस कानून के लागू होने के पश्चात प्रदेश में सभी परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से सकुशल संपन्न हो रही हैं, इसी का नतीजा है कि हम पिछले 3 वर्षों में 23 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने में सफल रहे हैं।

# पति-पत्नी सहित तीन लुटेरे गिरफ्तार, आभूषण बरामद

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सोने के आभूषणों की लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने पति–पत्नी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से लूटा गया माल बरामद किया गया है।

बीते मंगलवार को बसंती देवी पत्नी एचडी पाण्डे निवासी विला प्रियदर्शनी विहार गैर वैशाली विठोरिया न. एक ने थाना मुखानी में तहरीर देकर बताया गया था कि कुछ अज्ञात संदिग्ध महिलाओ द्वारा उनकी सोने की चेन तथा अन्य दो व तीन महिलाओ के गले के मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी के अवलोकन से 3 संदिग्ध महिलाओं व एक गाडी न. डीएल 01 जेडसी 9704 प्रकाश में आयी व मिलने वाले सभी सम्भावित स्थानों में तलाश व अन्य पूछताछ के माध्यम से आज दोपहर गुसाईपुर तिराहे के पास से 3 संदिग्ध लोगों को चुरायी गयी दो चेन व एक मंगलसूत्र सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।



पकड़े गए आरोपी।



तलाशी अभियान चलाते पुलिस।

# चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने को चलाया सघन तलाशी अभियान

**टिहरी।** चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया। गुरुवार को यहां चारधाम यात्रा को सेफ एण्ड साउंड बनाने के लिए मुनि की रेती पुलिस व कीर्तिनगर पुलिस ने केंद्रीय पुलिस बल के साथ सघन तलाशी अभियान चलाया।

टिहरी पुलिस चारधाम यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल के नेतृत्व में जनपद पुलिस लगातार तलाशी अभियान चला रही है इसी क्रम में कीर्तिनगर पुलिस द्वारा मलेथा में आईटीबीपी के साथ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है तो मुनि की रेती पुलिस ने ढालवाला आरटीओ चेक पोस्ट पर तलाश की कारवाही कर रही है। पुलिस के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति एवं संदिग्ध वस्तुयपर भी नजर रखी जा रही है।


**ESTER INDUSTRIES LTD.**

CIN: L24111UR1985PLC015063

**पंजी. कार्या.:** सोहन नगर, पी.ओ. चारूबेटा, खटीमा–262308, जिला. उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

**फोनः** (05943) 250153-57, **फैक्सः** (05943) 250158, **वेबसाइटः** www.esterindustries.com, **ईमेलः** investor@ester.in

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(रू. लाखों में)

| क्र स. | विवरण | स्टैंडअलोन: समाप्त वर्तमान तिमाही 31–मार्च–25 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: समाप्त वर्तमान वर्ष 31–मार्च–25 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: समाप्त पिछला वर्ष 31–मार्च–24 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: पिछला वर्ष के इसी तिमाही 31–मार्च–24 (अंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: समाप्त वर्तमान तिमाही 31–मार्च–25 (अंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: समाप्त वर्तमान वर्ष 31–मार्च–25 (अंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: समाप्त पिछला वर्ष 31–मार्च–24 (अंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: पिछला वर्ष के इसी तिमाही 31–मार्च–24 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 26137.29 | 108493.37 | 88,165.58 | 22,025.56 | 32191.61 | 129904.07 | 1,09,046.28 | 27,995.05 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असामान्य मदों से पहले) | 1674.03 | 5464.10 | (5,728.82) | (1,196.30) | 637.14 | 2780.63 | (13,500.08) | (2,652.28) |
| 3 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असामान्य मदों के बाद) | 1233.02 | 4053.29 | (4,333.43) | (916.25) | 196.13 | 1369.82 | (12,104.69) | (2,372.23) |
| 4 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल] | 1200.35 | 3688.38 | (4,409.98) | (988.62) | 169.72 | 1008.86 | (12,181.11 ) | (2,430.84) |
| 5 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 4702.09 | 4702.09 | 4,697.70 | 4,697.70 | 4702.09 | 4702.09 | 4,697.70 | 4,697.70 |
| 6 | रिज़र्व्स (पुनर्मुल्यांकन रिज़र्व्स को छोडकर) जैसा कि पिछले वर्ष (अन्य इक्विटी) की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | _ | 86098.42 | 77925.67 | _ | _ | 72549.88 | 67056.66 | _ |
| 7 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक रू. 5/– के)<br>बेसिक : (रू. में)<br>डायल्यूटिडः (रू. में) | <br>1.31<br>1.31 | <br>4.31<br>4.31 | <br>(5.19)<br>(5.19) | <br>(1.09)<br>(1.09) | <br>0.21<br>0.21 | <br>1.46<br>1.46 | <br>(14.49)<br>(14.49) | <br>(2.83)<br>(2.83) |

**टिप्पणीः**

1. सेबी (सूचीयन अनिवार्यताऐं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाऐं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों को साथ, ऊपर दर्ज की गई त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.nseindia.com एवं www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.esterindustries.com पर उपलब्ध है। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे एक्सेस किया जा सकता है।

**स्थानः नई दिल्ली**
**तिथिः 21 मई, 2025**

**कृते एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**अरविंद सिंघानिया**
**अध्यक्ष एवं सीईओ**

23 May 2025_Copy of Layout 1 5/23/2025 1:37 PM Page 4



# महाराज ने चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का किया स्थलीय निरीक्षण, यात्रियों से लिया व्यवस्थाओं का फीडबैक

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को अचानक ऋषिकुल मैदान पहुँचकर चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंजीकरण केन्द्र पर यात्रियों की सुविधा हेतु पंजीकरण काउण्टर, बैठने, पेयजल, शौचायलय, चिकित्सा, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। प्रदेश के पर्यटन मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने देश–विदेश से चार धाम यात्रा हेतु पंजीकरण केन्द्र पहुँचे श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए विभिन्न विषयों पर फीडबैक लिया तथा सभी की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। पंजीकरण केन्द्र पहुँचे सभी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण हेतु सरकार द्वारा किये गये सभी सुविधाओं की प्रशंसा भी की।



चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का निरीक्षण करते पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज।

कैबिनेट मंत्री महाराज ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को पंजीकरण कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो तथा आने वाले श्रद्धालु अपने साथ सुखद यादें लेकर जायें। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पहलगांव आतंकवादी हमले के बाद यात्रियों की संख्या में कमी आई थी, लेकिन अब धीरे–धीरे यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी चारधाम यात्रा पर बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अभी तक यमनोत्री धाम में 5,08,041 (पांच लाख आठ हजार इकतालीस) गंगोत्री धाम में 5,59,272 (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ बहत्तर) केदारनाथ धाम में 10,40,901 (दस लाख चालीस हजार नौ सौ एक) बद्रीनाथ धाम में 9,46,619 (नौ लाख छियालीस हजार छह सौ उन्नीस ) एवं हेमकुण्ड साहिब में 61,822 (इकसठ हजार आठ सौ बाईस) श्रद्धालुओं सहित कुल 31,16,655 (इकतीस लाख सोलह हजार छह सौ पचपन) श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक यमनोत्री धाम में 2,10,908 (दो लाख दस हजार नौ सौ आठ) गंगोत्री धाम में 1,96,200 (एक लाख छियानबे हजार दो सौ) केदारनाथ धाम में 4,53,414 (चार लाख तिरेपन हजार चार सौ चौदह) एवं बद्रीनाथ धाम में 2,94,864 (दो लाख चौरानबे हजार आठ सौ चौसठ) कुल 11,55,386 (ग्यारह लाख पचपन हजार तीन सौ छियासी) श्रद्धालु दर्शन कर चुके है। उन्होंने बताया कि हेमकुण्ड साहिब के दर्शन के लिए 61 हजार 822 श्रद्धालुओं द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा भी शुरू होने वाली है। 250 यात्री कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जायेंगे।

## महंत इन्दिरेश अस्पताल में गोल्डन कार्ड की सेवाएं जारी

**देहरादून।** श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में गोल्डन कार्ड लाभार्थियों के लिए उपचार सेवाएं जारी हैं। कई बड़े अस्पतालों ने गोल्डन कार्ड पर उपचार देना बंद कर दिया है। ऐसे में उत्तराखण्ड में राज्य कर्मचारियों, पेशनरों एवम् उनके आश्रितों के सामने उपचार का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। लेकिन श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में गोल्डन कार्ड नियमित स्वीकार्य किए जा रहे हैं व आगे भी उपचार जारी रहेगा। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों की बात राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण एवम् स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई है। अस्पताल को यह आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही गोल्डन कार्ड की बकाया धनराशि का भुगतान श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल को जारी कर दिया जाएगा। काबिलेगौर है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत उपचार धनराशि का लंबित भुगतान करोड़ों में पहुंच जाने के कारण कई बड़े अस्पतालों ने अपने यहां गोल्डन कार्ड पर उपचार से हाथ खड़े कर दिए हैं।

## महिला प्रोफेसर बनी साइबर ठगों का शिकार, डिजिटल अरेस्टिंग का डर दिखाकर लाखों रूपए ऐंठे

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ौतरी हो रही है। इस बार एक मामले में साइबर ठगों ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर एक निजी विश्वविद्यालय की प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्टिंग का डर दिखा कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर डाली। ठगी का अहसास होने पर महिला प्रोफेसर ने पुलिस से शिकायत की।

पुलिस ने महिला प्रोफेसर की शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस थाने में जांच होने के बाद इस मामले में थाना कैंट में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक महिला प्रोफेसर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि जनवरी 2025 में पीड़िता के पास एक कॉल आई और फोनकर्ता ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया और अपना कार्ड भी दिखाया। फोनकर्ता ने पीड़िता को कहा कि उनके आधार कार्ड का संदिग्ध गतिविधियों में इस्तेमाल हुआ है। साथ ही इससे कई सिम कार्ड खरीदे गए हैं और इनका भी गलत कामों में इस्तेमाल हो रहा है। यह सब सुनकर पीड़िता ने इसे धोखाधड़ी मानते हुए फोन काट दिया। लेकिन पीड़िता को बार–बार फोन किया गया। उसके बाद एक महिला ने पीड़िता को वीडियो कॉल किया और पीड़िता का आधार कार्ड और उनके नाम का एक नोटिस भी दिखाया गया। यह सब देखकर पीड़िता घबरा गई। महिला ने पुलिस को बताया कि ठगों ने उससे कहा कि उनका नाम एक बड़े घोटाले में जुड़ रहा है।

## वेरिफिकेशन में हुआ बड़ा खुलासा, बनभूलपुरा में मिले कई संदिग्ध

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में भी बाहरी लोगों का ज्यादा आगमन देखा जा रहा है। इसी कड़ी में सत्यापन अभियान के दौरान बनभूलपुरा इलाके के एक होटल में ठहरे पश्चिम बंगाल के 17 लोगों को चिन्हित किया है, जो कई दिनों से होटल में रहकर यहां पर काम कर रहे थे। जिनका होटल स्वामी ने सत्यापन तक नहीं कराया था। इतना ही नहीं जांच में ये भी खुलासा हुआ है कि इनके कुछ साथी पहले हल्द्वानी आए और अब यहीं पर अपना आशियाना तैयार कर लिया।

पुलिस की मानें तो बनभूलपुरा के होटलों और मुसाफिरखानों में कई संदिग्ध लोग 15 दिन से लेकर एक महीने तक के लिए किराए पर रूक रहे हैं। जिनकी कोई ठोस पहचान भी नहीं है। इस अभियान के दौरान



वेरिफिकेशन अभियान चलाते पुलिस।


पश्चिम बंगाल की आईडी के साथ कुछ लोग भी पाए गए। जिनकी जांच की जा रही है।

होटल स्वामी ने इनका कोई सत्यापन नहीं कराया गया था। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल से विशेष समुदाय के लोग आकर हल्द्वानी में अपना आशियाना तैयार कर रहे हैं। पुलिस के जांच में ये भी सामने आया है कि उनका संरक्षण देने में कोई स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी हाथ है। वहीं, इस पूरे मामले पर हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट का कहना है कि हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र की डेमोग्राफिक चेंज करने का लगातार प्रयास चल रहा है। साजिश के तहत कुछ लोग इस काम को कर रहे हैं।

## डीएम के दो टूकः युद्वस्तर पर करना ही है पेयजल समस्या का निस्तारण, यह जान लें अधिकारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्व है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम और एसडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है और



डे–टू–डे पेयजल समस्याओं का त्वरित निस्तारण जारी है।

विगत 14 अप्रैल से लेकर 20 मई तक पेयजल की 76 शिकायतें मिली है, जिसमें से 70 शिकायतों का समाधान कर पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ''पीने के पानी के लिए तरस रहे चन्द्रबनी में 10 हजार की आबादी'' के संदर्भ में विश्व बैंक परियोजना इकाई, उत्तराखंड पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता ने बताया कि चन्द्रबनी क्षेत्र में दो दिनों से विद्युत आपूर्ति में अस्थिरता होने के कारण उच्च जलाशय पूर्ण रूप से भर नही पाया,

जिस कारण अंतिम छोर पर स्थित उपभोक्ताओं तक पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की गई। क्षेत्र में पेयजल समस्या का स्थाई समाधान के लिए 02 नलकूप और 01 उच्च जलाशय की आवश्यकता है, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई और काम प्रारंभ किया जा रहा है।

यमुना पेयजल योजना शुरू, फिर भी छावनी क्षेत्र प्यासा के संदर्भ में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने बताया कि विभागीय कोल्टी पंप स्टेशन पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं कम वोल्टेज होने से जलापूर्ति बाधित रही। वर्तमान में विद्युत आपूर्ति सुचारू होने पर पेयजल सप्लाई सुचारू कर दी गई है। इसके अतिरिक्त मसूरी पुर्नगठन पेयजल योजना का प्राविधान छावनी परिषद लण्ढौर मसूरी हेतु उत्तराखंड पेयजल निगम मसूरी द्वारा किया गया है किन्तु वर्तमान तक छावनी परिषद को योजना से आच्छादित नहीं किया गया है। जिस कारण योजना का लाभ छावनी परिषद मसूरी को नहीं मिल पा रहा है।

अपर राजीव नगर में जल संकट के बारे में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने बताया कि वर्तमान समय में राजीव नगर में अत्यधिक भवनों का निर्माण हुआ है। जिससे गर्मियों में पेयजल की मांग बढ़ रही है। क्षेत्र में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु नलकूप का निर्माण एवं नई पाइप लाइन बिछाने हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है।

23 May 2025_Copy of Layout 1 5/23/2025 1:37 PM Page 5



# जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक ली, दिए निर्देश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरुवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक ली। इस दौरान वार्षिक ऋण जमा उपलब्धि, ऋण जमा अनुपात, बैंकिग नेटवर्क के साथ साथ राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की प्रायोजित ऋण योजनाओं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण व शहरी, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली वाहन व गैरवाहन मद, होम स्टे आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी।



जिलाधिकारी ने 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले बैंकों को इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिये। सिबिल स्कोर के कारण बैंकों द्वारा रिजेक्ट किए आवेदनों को लेकर सभी संबंधित विभागों को आवेदन के समय ही सिबिल स्कोर देखने के बाद बैंक को फॉरवर्ड करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी बैंकों को संबंधित विभाग के समन्वय से सरकारी योजनाओं के ऋण आवेदनों को लेकर एक फिक्स समय निर्धारित करने के निर्देश दिये। ताकि दूरस्थ क्षेत्रों को लोगों का समय खराब ना हो। सभी विभागों को बैंक द्वारा रिजेक्ट किए गये। आवेदनों पर अपने स्तर से भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वहीं जिला पर्यटन अधिकारी को बैंकों द्वारा रिजेक्ट किए गये आवेदनों को लेकर पर्सनली फॉलोअप करने के निर्देश दिये। वित्तीय साक्षरता को लेकर सभी बैंकों को कैंप लगाने के निर्देश दिए। बैठक में लीड बैंक अधिकारी दान सिंह गर्ब्याल ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में लक्ष्य 800 के सापेक्ष 2284 आवेदन बैंक को भेजे गये जिसमें से 838 पर ऋण वितरित किया गया, 453 रिजेक्ट, 527 आवेदन बैंक द्वारा विभाग को वापस किए गये और 398 आवेदन लंबित है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 154 आवेदन के सापेक्ष 102 आवेदनों पर ऋण दिया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में 2509 आवेदन के सापेक्ष 1602 आवेदन पर ऋण वितरित किया गया। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना वाहन मद में 19 आवेदन के सापेक्ष 11, गैर वाहन मद में 22 के सापेक्ष 08 और होम स्टे में 79 आवेदन के सापेक्ष 31 आवेदनों पर ऋण वितरित किया गया। मार्च 2025 तिमाही में जनपद का ऋण जमा अनुपात 27.14 प्रतिशत रहा। वहीं वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लक्ष्य के सापेक्ष 104 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गयी।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश सहित बैंकर्स व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चमोली के गौचर सहित अन्य अंग्रेजी शराब की दुकानों पर जमकर हो रही ओवर राइटिंग



**चमोली।** शराब के तय शुल्क से अधिक मूल्य व अन्य गड़बड़ियों दूर करने को लेकर चाहे शासन व प्रशासन स्तर पर नियम सख्त हो मगर उसके बाद भी शराब कारोबारी पूरी मनमानी कर रहे हैं। यह हाल गौचर सहित जनपद के स्थानों का है। ज्यादातर ठेकों पर रैट लिस्ट नहीं लगायें जाने से शराब की दुकान पर 20 रु से 40 रु तक की ओवर रेटिंग की सूचना है। इस संबंध में उपभोक्ता का कहना है। कि आबकारी विभाग को सूचना करने के बावजूद अभी तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बनी हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि शराब की गुणवत्ता भी सही नहीं है। उपभोक्ताओं का कहना है। कि शराब की दुकान पर क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक का फोन नंबर भी मौजूद होना चाहिए।

# टांडा के जंगल में लकड़ी लोड करवाने के दौरान छत से गिरा ड्राइवर हुई मौत

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** यहां लालकुआं– हल्द्वानी के बीच टांडा के जंगल में लकड़ी कटान के बाद वन विकास निगम के ठेकेदार द्वारा लकड़ी के गिल्टे उठवाने के दौरान ट्रक में लकड़ी की लोडिंग करते समय अचानक ट्रक के ऊपर से नीचे गिर जाने पर गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक जीशान खान को 2 दिन तक हल्द्वानी के एसटीएच चिकित्सालय में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान आज तड़के जीशान का निधन हो गया, लालकुआं नगर के हाथीखाना संजयनगर निवासी जीशान खांन उम्र 50 वर्ष अपने पीछे तीन छोटे–छोटे बच्चे और पत्नी को रोता बिलखता छोड़कर गया है, जीशान की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। आज शाम



फाइल फोटो– मृतक जीशान

गमगीन माहौल में जीशान का अंतिम संस्कार किया गया, परिजनों के अनुसार जीशान लकड़ी ठेकेदार मुख्तार अहमद के ठेके में ट्रक ड्राइवर था, आज दोपहर को मुक्तियार अहमद और पीड़ित परिवार के बीच मुआवजे को लेकर समझौता हो गया। इसके बाद मृतक का गमगीन माहौल में स्थानीय कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया गया।

# मंत्री सौरभ बहुगुणा से समस्याओं के निराकरण की मांग की

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पीपलकोटी के अथिति गृह में पशुपालन, दुग्ध उत्पाद, कौशल प्रशिक्षण,सेवा योजन मंत्री सौरभ बहुगुणा से बंड विकास संगठन के शिष्टमंडल ने मुलाकात कर क्षेत्र की दो प्रमुख समस्याओं जैसे वर्ष 2016 में आई टी आई स्वीकृत हुआ था। जिसमें दो ट्रेड , इलेक्ट्रीशियन, एवं प्लंबर वेल्डर जो कि विपणन केंद्र बाटुला मायापुर के कोडिया नामक स्थान पर चल रहा था आज तक भवन न होने की वजह से एवं अध्यापक की कमी से कुछ समय से बंद चल रहा है। उसी संदर्भ में संगठन ने मंत्री जी से भवन निर्माण हेतु राजकीय इण्टर कॉलेज गडोरा शिक्षा विभाग की खाली पड़ी भूमि पर जो की 77 नाली भूमि में से 20 नाली भूमि आई टी आई भवन निर्माण हेतु देने



शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सहमति बनी थी, कि उक्त भवन निर्माण हेतु अतिशीघ्र धनराशि स्वीकृत करने, पशुचिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु भी मायापुर कौडिया के मध्य में पूर्व से ही पशु सेवा केंद्र की जमीन एवं सी फार्म की जमीन पर भवन निर्माण कार्य करने हेतु भी धनराशि स्वीकृत करने का निवेदन किया गया। जिसमें मंत्री जी ने अतिशीघ्र धनराशि स्वीकृत करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। अतरू सम्पूर्ण बंड क्षेत्र माननीय मंत्री जी का आभार एवं धन्यवाद करता है।

ज्ञापन देने वालो मे संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी पूर्व अध्यक्ष अतुल शाह संरक्षक शंभू प्रसाद सती भाजपा पीपलकोटी मंडल के अध्यक्ष दीपक पंत काग घर पक्के प्रधान पुष्कर सिंह भुवन लाल शाह जगत सिंह नेगी रघुनाथ सिंह फर्स्वाण प्रभाकर भट्ट आदि मौजूद रहे।

# शहीद मेले की तैयारियां जोरों पर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे मेले का उद्घाटन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शौर्य महोत्सव शहीद मेले की तैयारियां जोरों पर चल रही है। उत्तराखंड राज्य के प्रथम अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में दिनांक 6 जून 2025 से 8 जून 2025 तक शहीद भवानी दत्त स्मारक इंटर कॉलेज चेपडो विकास खण्ड थराली में आयोजित किया जायेगा।



मेला सयोंजक प्रधानाचार्य दिग्पाल सिंह गडिया, कर्नल ईश्वर सिंह फर्स्वाण, मेला अध्यक्ष वीरू जोशी, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, व्यवस्थापक देवी जोशी ने बताया मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। मेले में महिला मंगल दलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। विकासखंड थराली के सभी महिला मंगल दलों को अपना एक – एक कार्यक्रम प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया है । मेले में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक महिला मंगल दलों, विद्यालयी छात्र छात्राओ व उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध कलाकारों ललित मोहन जोशी, मृणाल रतूड़ी, संगीत ढोढ़ीयाल, सचिन भारद्वाज, विकास उनियाल, अंजली खरे, अमित खरे, माया उपाध्याय, हेमा नेगी करासी, सौरभ मैठाणी , गजेंद्र राणा, दिनेश नेगी, गबरू आदि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

शौर्य महोत्सव में क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, आजाद हिंद फौज एवम विभिन्न सैनिक शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र के जिन भी व्यक्तियों ने कला, संस्कृति, खेल, सामाजिक कार्यों में उपलब्धि प्राप्त की है उन्हें भी शौर्य महोत्सव में सम्मानित किया जाएगा। मेला कमेटी ने समस्त क्षेत्रीय जनमानस से आग्रह पूर्वक अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में शिरकत कर शौर्य महोत्सव को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें।

समस्त क्षेत्रीय जनता एवम जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्यों प्रमुख क्षेत्र पंचायत , सदस्य क्षेत्र पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत , सदस्य ग्राम पंचायत एवं महिला मंगल दलों को भी आमंत्रित किया है। बताया गया है कि मेले में पूर्व सेनिको को कंटीन तथा मेडिकल की सुविधा भी उपलब्ध होगी ।

# नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने यूनियन के इमरजेंसी रिलीफ फंड से 51,000 का चैक दीपांशु को सौंपा



**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हरिद्वार नेशनलिस्ट यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन एवं हरिद्वार जनपद इकाई में नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज बृहस्पतिवार को जौलीग्रांट अस्पताल जाकर मान्यता प्राप्त पत्रकार अमर सिंह का हाल जाना और उनके 18 वर्षीय पुत्र दीपांशु जिसने हाल ही में इंटरमीडिएट की परीक्षा दी है, की आगे की शिक्षा को सुचारू रखने के लिए यूनियन के इमरजेंसी रिलीफ फंड से 51,000 ( इक्यावन हजार रुपए ) का चौक उनके सुपुर्द किया।

जॉलीग्रांट अस्पताल, देहरादून में वैंटिलेटर पर जीवन मृत्यु से जूझ रहे 50 वर्षीय पत्रकार अमर सिंह की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। अमर सिंह एक श्रमजीवी और मान्यता प्राप्त पत्रकार है जिनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां तथा एक बेटा है, परिवार की आर्थिक स्थिति भी नाजुक है, नेशनलिस्ट यूनियन आफ जर्नलिस्ट ने उत्तराखंड सरकार से पत्रकारों को दी जाने वाली नियमानुसार चिकित्सकीय आर्थिक सहायता देने का मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के सूचना निदेशक बंसीधर तिवारी से विशेष अनुरोध किया है। इस संदर्भ में नेशनलिस्ट यूनियन आफ जर्नलिस्ट की ओर से 21 मई की सुबह पत्रकार कल्याण कोष की बैठक आरंभ होने से पूर्व महानिदेशक सूचना और प्रदेश के मुख्यमंत्री को अनुरोध पत्र भी दिया था। जिस पर आर्थिक सहायता का कोई निर्णय नहीं लिया गया । अब यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल शीध ही मुख्यमंत्री तथा सूचना निदेशक से मुलाकात कर पत्रकार अमर सिंह को यथोचित उपचार के लिए आर्थिक सहायता देने की मांग करेगा।

गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व किसी कार्यक्रम से घर लौटने के बाद पत्रकार अमर सिंह ने परिवार से अपने सिर में तेज दर्द की शिकायत की थी। सिर दर्द असहनीय होते–होते अमर सिंह अचेतावस्था में आ गए, परिवार ने उन्हें हरिद्वार के भूमानंद चिकित्सालय में भर्ती किया जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें जौलीग्रांट रैफर कर दिया, जौलीग्रांट में अमर सिंह अचेतावस्था में वैंटीलेटर पर जीवन मृत्यु से जूझ रहे हैं, चिकित्सकों ने उनकी स्थिति बेहद नाजुक बताई है। यूनियन उनकी बेहतर सेहत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## भ्रष्टाचार के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जाए: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जाए। टोल फ्री नम्बर 1064 का व्यापक स्तर पर प्रचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण से संबंधित मामलों में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में सत्यापन अभियान लगातार जारी रखने के साथ ही संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को बनाने समय उनका सही प्रकार से सत्यापन किया जाए। गलत दस्तावेज जारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध चल रहे अभियान को निरंतर जारी रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई जा चुकी है, वहां दोबारा अतिक्रमण न हो।

# गोबर के अंदर मिला नवजात का शव, मां गिरफ्तार, संभावित पिता की तलाश जारी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जनपद के नंदानगर विकासखंड के एक गांव से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया हैं।यहाँ एक विधवा महिला ने अपने गर्भ में पल रहे नवजात को प्रसव के बाद गोबर के ढेर में दबाकर जान से मार दिया। गांव के लोगो को जब शक हुआ तो ग्रामीणों ने घटना की सूचना नन्दानगर पुलिस को दी। ग्रामीणों और महिला मंगल दल की महिलाओं के साथ मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने महिला की निशानदेही पर गोबर के ढेर से भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा हैं। वहीं महिला के ऊपर मुकदमा दर्ज कर पुलिस के द्वारा पूछताछ की जा रही हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक एक



महिला के ऊपर गर्भ से प्रसव के बाद नवजात को गोबर के अंदर दबाकर जान से मारने का आरोप हैं। महिला के पति विक्रम सिंह की करंट लगने से 10 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी।मौजूदा समय में संगीता देवी के तीन बच्चे भी हैं। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर ठछे की धारा 91 (गर्भपात करना या कराना, अवैध रूप से भ्रूण नष्ट करना) और धारा 94 (शव को छिपाने या नष्ट करने का अपराध) के तहत मामला दर्ज किया है।

# राजकीय इंटर कालेज बरतोली में शिक्षक - अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, मदन सिंह बिष्ट बने पीटीए अध्यक्ष

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड कर्णप्रयाग के तहत संचालित राजकीय इंटर कालेज बरतोली में प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता ममगाईं की देखरेख और मार्ग दर्शन में शिक्षक – अभिभावक संघ का गठन निर्वतमान अध्यक्ष भरत सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अभिभावकों की भारी उपस्तिथि के मध्य हुऐ पीटीए के गठन में सर्वसम्मति से मदन सिंह बिष्ट को अध्यक्ष चयनित किया गया। साथ ही एस. एम. सी. के अध्यक्ष पद पर प्रदीप सिंह बिष्ट तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती रेखा देवी और विद्यालय में कार्यरत शिक्षक बलवन्त सिंह बिष्ट को सर्वसम्मति से शिक्षक अभिभावक संघ का सचिव चयनित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता ममगाईं ने सभी



अभिभावकों की उपस्थिति पर खुशी जताते हुऐ उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तथा विद्यालय की प्रगति में सहयोग की अपील की गई।

इस अवसर पर दिनेश सिंह बिष्ट, सुरजीत सिंह बिष्ट, श्रीमती बीरा देवी, श्रीमती धर्मा देवी, वीरेंद्र सिंह, सुल्तान सिंह, श्रीमती मुन्नी देवी, श्रीमती पुष्पा देवी आदि अभिभावकों के अलावा शिक्षक बीएम सती, सचिन कुमार, योगेश बिष्ट, बलवंत बिष्ट, श्रीमती कुसुम कंडवाल, श्रीमती राजेश्वरी कोहली, मेधा कनवासी, सुश्री श्वेता थम्मन, सुश्री सीमा नेगी, श्रीमती प्रियंका नेगी, श्रीमती चन्दा लोवियाल, कर्मचारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट व नवीन बिष्ट उपस्थित रहे।

# प्रतिनिधिमंडल में विदेश जाने वाले भारतवासी राजनीतिक दल के सदस्य नहीं: दुष्यंत गौतम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल पर कांग्रेसी आपत्तियों को सिरे से नकारते हुए कहा, देश के बाहर सभी भारतवासी होते हैं, राजनैतिक दल के सदस्य नहीं। वहीं निशाना साधा कि जिनके नेता पाक टीवी में हीरो बने हैं, वो आज जयहिंद यात्रा निकाल रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भी स्पष्ट किया कि 14 राज्यों में घोषणा के बाद शीघ्र शेष राज्यों में भी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। तिरंगा शौर्य यात्रा में शामिल होने देहरादून पहुंचे श्री गौतम ने पार्टी



मुख्यालय में विभिन्न मुद्दों पर मीडिया के सवालों का जवाब दिया। जिसमें प्रदेश में जारी तिरंगा यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने जो गौरवशाली कार्य किया है, उससे देश के सम्मान में वृद्धि हुई है। हमारी माता बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया है और पाकिस्तान का उसमें सीधा–सीधा हाथ दिखाई दिया। दुनिया ने देखा, जिन आतंकवादियों को हमारी सेना ने मारा, उनके जनाजे पर कलमा पढ़ने वालों में पाकिस्तान सरकार के मंत्री, बड़े बड़े सेना अधिकारी और आतंकवादी नजर आए। उससे पुनः पर्दाफाश हुआ कि पाकिस्तान में आतंकवादी और सेना एक ही रूप है, बस वर्दियां बदलते रहते हैं। जनता में पाक की घटिया और मानवता को शर्मशार करने वाले कृत्य से देश में आक्रोश था। उसका बदला लेने के लिए हमारे सैनिकों ने जो पराक्रम दिखाया, उसका जनता आज तिरंगा यात्रा के रूप में सैल्यूट कर रही है। उनको नमन करने के लिए समाज के सभी वर्ग डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, लेक्चर, अधिवक्ता और उसके साथ–साथ अर्ध सैनिक बल, व्यापारी वर्ग, आम नागरिक यात्रा में शामिल हो रहे हैं। इसी आभार की कड़ी में हम भी हौसला बढ़ाने के लिए जनसामान्य के साथ मिलकर सैनिकों के पराक्रम को सलाम कर रहे हैं।

उन्होंने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल को लेकर कांग्रेस की अपत्ति पर पलटवार किया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, हम देश में अलग–अलग पार्टी हो सकते हैं लेकिन विदेश में पार्टी नहीं एक देश के प्रतिनिधि हैं। इसी तरह नरसिंहराव की सरकार में अटल बिहारी वाजपेई भी प्रतिदिनमंडल में प्रतिनिधि बनकर विदेश गए थे। तब भी उन पर प्रश्नचिन्ह लगाए गए खासकर विदेश में। तब अटल जी ने भी कहा था कि मैं देश के अन्दर राजनैतिक विरोधी दल की भूमिका में हूं, लेकिन बाहर में भारतवासी हूं। इसलिए जो विरोधी दल हम पर प्रश्न उठा रहे हैं उनको भी एकता दिखानी चाहिए। आज पाकिस्तान घबराया हुआ और परेशान है, ऐसे में उनका मनोबल बढ़ाने वाली बयानबाजियों से बचना चाहिए अन्यथा देश की जनता समय–समय पर उनको माकूल जवाब देती रहेगी।

23 May 2025_Copy of Layout 1 5/23/2025 1:37 PM Page 7



# मंत्री डॉ. रावत ने कहा, विभागीय बजट की प्रत्येक तीन माह में होगी समीक्षा, अधिकारियों को दिये निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूबे में कलस्टर विद्यालयों की स्थापना में तेजी लाने के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों को 30 जून तक डीपीआर तैयार करा कर शासन को सौंपने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही विभागीय बजट को समय पर खर्च करने को कहा गया है, बजट व्यय की प्रत्येक तीन माह में समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक भर्ती की 5वीं काउसिलिंग को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज शासकीय आवास पर विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने कलस्टर विद्यालयों की स्थापना को शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये मील का पत्थर बताते हुये शीघ्र डीपीआर शासन को सौंपने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा



शिक्षा मंत्री विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

कि जो जनपद 30 जून से पहले अपने यहां के चयनित कलस्टर विद्यालयों की डीपीआर उपलब्ध नहीं करायेंगे, उनका महानिदेशालय स्तर पर स्पष्टीकरण लिया जायेगा। इस संबंध में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विभागीय अधिकारियों की हिलाहवाली के कारण वित्तीय वर्ष के अंतर्गत 100 फीसदी बजट खर्च नहीं हो पाता है, जिसका खामियाजा छात्र–छात्राओं को भुगतना होता है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत चल रही शिक्षकों की भर्ती के क्रम में उन्होंने शीघ्र ही पांचवीं काउंसिलिंग करा कर दुरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में नवनियुक्त शिक्षकों के तैनाती के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने समग्र शिक्षा के अंतर्गत बीआरपी–सीआरपी की भर्ती में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिकारियों को शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

### 30 जून तक शासन को सौंपे कलस्टर विद्यालयों की डीपीआर

दिये। इसके अलावा उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुये कहा कि पात्र शिक्षकों का स्थानांतरण अनिवार्य रूप से किया जाय। साथ ही स्थानांतरण के समय विद्यालयों में छात्र संख्या को मध्यनजर रखते हुये शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाय।

बैठक में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा अभिषेक रोहिला, अपर सचिव एमएम सेमवाल, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, निदेशक प्राथमिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक माध्यमिक डॉ. मुकुल सती, अपर निदेशक एनसीईआरटी पदमेन्द्र सकलानी, उप निदेशक समग्र शिक्षा अजीत भण्डारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईएसबी ने स्टार्टअप्स के लिए एक्सेलेरेटर प्रोग्राम कल्चर कैटालिस्ट लॉन्च किया

**देहरादून।** भारत तेजी से एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इस सफर में संस्कृति पीछे छूटती जा रही है। संस्कृति की क्षमता को पहचानते हुए इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर (एआईसी–आईएसबी) ने पंजाब कल्चरल प्रोजेक्ट (पीसीपी) और नेटवर्क ऑफ इंडियन कल्चरल एंटरप्राईज़ेस (एनआईसीईओआरजी) के साथ साझेदारी में कल्चर कैटालिस्ट 2025–26 का लॉन्च किया है। पहला एक्सेलेरेटर प्रोग्राम है, जो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक ब्रांड्स और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सांस्कृतिक उद्यमियों को उद्देश्य पर केंद्रित और लाभकारी ब्रांड्स का लॉन्च करने, उनका विकास करने और विस्तार करने में समर्थ बनाता है, ताकि सांस्कृतिक विरासत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक सस्टेनेबल व्यवसाय स्थापित हो सके।

# भारत से हारने की खुशी में मुनीर को पाक ने पहनाया हार: सतपाल महाराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी एयर बेस और आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के साथ–साथ पाक को भारत से करारी शिकस्त मिली है।

अपनी बर्बादी पर पर्दा डालने के लिए पाकिस्तान में भारत से मिली हार की खुशी में फील्ड मार्शल असीम मुनीर को हार पहनाकर पांच सितारा रैंक दूसरे फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोशन कर दिया। पाक की इस करतूत के बाद वह पूरी दुनिया में हास्य का पात्र बन गया है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 'द्वि–राष्ट्र सिद्धांतश पर तंज़ कसते हुए कहा कि जिस प्रकार से पाकिस्तान में बलूचिस्तान, सिंध, पंजाब और पीओके के लोग स्वतंत्र होने की दशकों से मांग कर रहे हैं उसे देखते हुए पाक सेवा प्रमुख मुनीर को अब ष्चतुर्थ राष्ट्र सिद्धांत की बात पर अमल करना चाहिए। महाराज ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि वह पाक स्थित आतंकी ठिकानों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनायेगा, लेकिन जिस प्रकार से पाकिस्तान ने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को निशाना बनाने की असफल कोशिश की उससे सिद्ध हो गया है कि उसका इरादा हमारे रिहाइशी इलाकों पर हमला करने का था, परन्तु हमारी सेना ने पाक के नापाक एवं कुत्सित मंसूबों को भांप कर उसके षडयंत्र की हवा निकालकर रख दी।

# द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर जी के कपाट खुले

**रूद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पंचकेदारों में प्रतिष्ठित द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट कर्क लग्न पूर्वाह्न 11. 30 बजे शुभ मुहूर्त पर विधि–विधान से ऊं नम् शिवाय के उदघोष के साथ खुल गये है। इस अवसर पर तीन सौ से अधिक तीर्थयात्री तथा स्थानीय श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने।

कपाट खुलने के अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया था। कपाट खुलने की प्रक्रिया के अंतर्गत साढे दस बजे से द्वार पूजा शुरू हो गयी थी इस दौरान भगवान मद्महेश्वर जी की चल विग्रह डोली मंदिर प्रांगण में पहुंच गयी थी। पूजा–अर्चना तथा विधि विधान पूर्वक साढे ग्यारह बजे पूर्वाह्न को श्री मद्महेश्वर जी के कपाट तीर्थयात्रियों हेतु दर्शनार्थ खोले गये कपाट खोलने के बाद पुजारी



मद्महेश्वर मंदिर।

शिवलिंग स्वामी ने भगवान मद्महेश्वर जी के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से श्रृंगार रूप दिया इसके साथ पहले श्रद्धालुओं ने निर्वाण दर्शन तथा तत्पश्चात श्रृंगार दर्शन किये। इससे पहले भगवान मद्महेश्वर जी की चल विग्रह डोली ने भंडार एवं बर्तनों का निरीक्षण किया।कपाट खुलने के अवसर पर श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने यात्रा तैयारियां की है। श्री बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर जी के कपाट खुलने पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है आशा जताई कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान मद्महेश्वर जी के दर्शन को पहुंचेंगे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** महानगर युवा कांग्रेस कमेटी देहरादून द्वारा भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी याद में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर में युवाओं ने रक्तदान कर राजीव द्वारा देश के लिए किये गये विकास कार्यों को याद किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शिवि चौहान ने राजीव को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी जी के



रक्तदान करते रक्तदाता।

राष्ट्र निर्माण में योगदान, युवाओं के लिए उनकी दृष्टि, पंचायतीराज की मजबूती, संविधान के 73वें एवं 74वें संशोधन एवं सूचना–प्रौद्योगिकी क्षेत्र में क्रान्ति के लिए किये गये योगदान के लिए सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी में ले जाने का जो सपना देखा था वह साकार हो गया है। राजीव जी को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उन्होंने कहा कि पंचायतीराज से जुड़ी संस्थाओं की मजबूती के लिए राजीव गांधी ने देश में पंचायतीराज व्यवस्था को सशक्त किया, जिससे सत्ता के विकेंद्रीकरण और पंचायती राज व्यवस्था को सबलता मिली तथा पंचायत स्तर तक लोकतंत्र पहुंचा। उनके कार्यकाल में पंचायतीराज व्यवस्था का पूरा प्रस्ताव तैयार हुआ जिसे 1992 में 73वें और 74वें संविधान संशोधन के जरिए लागू किया गया। स्व0 राजीव गांधी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में कांग्रेस सरकार की ओर से तैयार 64 वें संविधान संशोधन विधेयक के आधार पर 73वां संविधान संशोधन विधेयक पारित कराया. 24 अप्रैल 1993 से पूरे देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई. जिससे सभी राज्यों को पंचायतों के चुनाव कराने को मजबूर होना पड़ा. पंचायतीराज व्यवस्था का मकसद सत्ता का विकेंद्रीकरण रहा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने राजीव गांधी को भारत में दूरसंचार क्रांति का जनक बताते हुए कहा कि स्व0 राजीव गांधी की पहल पर अगस्त 1984 में भारतीय दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सेंटर फॉर डिवेलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स की स्थापना हुई।

23 May 2025_Copy of Layout 1 5/23/2025 1:37 PM Page 8



# मुख्य सचिव ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने विभाग के क्रियाकलापों पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परीक्षा पैटर्न एवं अन्य प्राविधानों को समाहित करने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

भारत दर्शन योजना में इस वर्ष छात्रों की संख्या का लक्ष्य 1000, अगले वर्ष के लिए दिया 5000 का लक्ष्यः मुख्य सचिव ने माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत भारत दर्शन योजना को विस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम से कम 1 हजार बच्चों को भारत दर्शन यात्रा करायी जाए, जिसे अगले वर्ष बढ़ाकर 5000 करने का लक्ष्य रखा जाए। यह बच्चों के अन्वेषण एवं कौशल के लिए एक महत्त्वपूर्ण योजना है। उन्होंने भारत दर्शन यात्रा के दिवसों को बढ़ाकर 7 दिन किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि भारत के प्रतिष्ठित विज्ञान एवं तकनीकी संस्थानों के साथ ही सैन्य प्रतिष्ठानों के भ्रमण कार्य आयोजित कराए जाएं।

क्लस्टर स्कूल भवनों के लिए डीपीआर एक माह में तैयार करने के दिए निर्देशः मुख्य सचिव ने प्रस्तावित 559 क्लस्टर विद्यालयों के निर्माण में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले एक माह में सभी चिन्हित क्लस्टर विद्यालय भवनों की डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान ही फोन के माध्यम से शिक्षा विभाग द्वारा चयनित कार्यदायी संस्थाओं के विभागाध्यक्षों को एक माह में डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज एवं कम्प्यूटर लैब निर्माण कार्यों की डीपीआर भी एक माह में तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाए जाने के लिए विभागीय निदेशकों को जिलाधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय के लिए जनपदों का दौरा किये जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनपदों के भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान क्लस्टर स्कूलों में वाहन भाड़ा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों की बैठकें शीघ्र आयोजित कर ऐसे मामलों के निस्तारित किए जाने के भी निर्देश दिए।

प्रत्येक कार्य के लिए की जाए टाइम लाइन निर्धारितः मुख्य सचिव, मुख्य सचिव ने विद्यालयों के लिए सभी प्रस्तावित हॉस्टल फैसिलिटी की डीपीआर भी एक माह में तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज हेतु कम्प्यूटर लैब के लिए एक समर्पित हैड खोले जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में देरी न हो इसके लिए प्रत्येक कार्य की समयसीमा निर्धारित की जाए, साथ ही सचिव, अपर सचिव एवं महानिदेशक स्तर पर लगातार कार्यों की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भीतर आवासीय विद्यालयों को बढ़ाए जाने पर भी फोकस किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आवासीय विद्यालयों में एक वाहन उपलब्ध कराया जाए, ताकि मेडिकल इमरजेंसी एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में होने वाली समस्याओं से बचा जा सके। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रमन एवं अपर सचिव रंजना राजगुरू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## ईडी ने कसा शिकंजा, पूर्व डीएफओ सहित कई आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विजिलेंस और सीबीआई के बाद अब पाखरो रेंज से जुड़े पूर्व डीएफओ किशनचंद व उनके करीबियों पर ईडी ने भी शिकंजा कसा है।

धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के आरोप में ईडी ने किशनचंद, उनकी पत्नी, स्टोन क्रशन और चंद के एक फाउंडेशन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। विशेष धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए एक्ट) कोर्ट में इस मामले में अगली सुनवाई 23 मई को होगी।बता दें कि पाखरो रेंज में अवैध पेड़ कटान और अनियमितताओं के मामले में वर्ष 2022 में विजिलेंस ने पूर्व डीएफओ किशन चंद समेत कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विजिलेंस ने किशनचंद को गिरफ्तार भी किया था। इसके बाद चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल की जा चुकी थी। इसी बीच सितंबर 2023 में हाईकोर्ट में इस मामले को उठाया गया। हाईकोर्ट ने प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपने के निर्देश सरकार को दिए थे। विजिलेंस ने जांच से संबंधित सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए। इसके आधार पर सीबीआई ने जांच की और किशनचंद समेत पांच पूर्व व वर्तमान अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति शासन से मांगी थी।इसी बीच मामले में ईडी भी धन शोधन की जांच कर रही थी। इसे लेकर ईडी की देहरादून शाखा में एक मुकदमा दर्ज किया गया।

## बाघ ने दो शावकों को उतारा मौत के घाट, शव बरामद

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के कालागढ़ रेंज के घने जंगलों में एक नर बाघ ने बाघिन के दो मासूम शावकों को मौत के घाट उतार दिया। गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को दोनों शावकों के क्षत–विक्षत शव जंगल के मैग्ज़ीन स्रोत क्षेत्र से बरामद हुए।

वन विभाग की टीम कालागढ़ रेंज के लक्कड़घाट बीट, कक्ष संख्या एक में नियमित गश्त पर थी। तब उन्हें मैग्ज़ीन स्रोत क्षेत्र के पास एक बाघ के शावक का शव दिखा। शावक का शरीर काफी सड़ी–गली अवस्था में था। उसके सभी अंग–दांत, नाखून, खाल और हड्डियां–झाड़ियों में बिखरे हुए मिले। टीम जब क्षेत्र में और आगे बढ़ी तो उसी स्रोत के दूसरे छोर पर दूसरा शव भी बरामद किया गया।

## न्यूज डायरी

### राजभवन में वित्तीय जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन



**देहरादून।** राजभवन में वित्तीय जागरूकता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन और सुरक्षित बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। एसबीआई लाइफ के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट राजीव शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुनियोजित वित्तीय प्रबंधन जीवन की स्थिरता और आर्थिक सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बजट बनाने, व्यय पर नियंत्रण रखने और नियमित बचत करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने म्यूचुअल फंड, सावधि जमा, शेयर बाजार, सुकन्या योजना जैसे निवेश विकल्पों के माध्यम से दीर्घकालिक धन वृद्धि के उपायों की जानकारी दी। एसबीआई के डिप्टी मैनेजर रतनदीप सिंह ने सुरक्षित बैंकिंग के पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, समय–समय पर पासवर्ड बदलने और एक ही पासवर्ड को विभिन्न प्लेटफार्मों पर प्रयोग न करने की सलाह दी।

## पुलिस कप्तान ने किए देर रात 13 उपनिरीक्षकों के तबादले

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजधानी में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एसएसपी ने देर रात 13 उपनिरीक्षकों के तबादले कर दिए है। जिसमें दो महिला उपनिरीक्षकों को पुलिस स्टेशन प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। साथ ही कई पुलिस स्टेशन प्रभारियों में फेरबदल किया गया है।

पिछले दिनों आईएसबीटी पुलिस स्टेशन इंचार्ज पर एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था तो उसके बाद एसएसपी ने आईएसबीटी पुलिस स्टेशन से 11 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर कर दिया था। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने बताया संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया जाता है कि उपनिरीक्षकों को तत्काल नवनियुक्ति स्थान के लिए रवाना करें। उन्होंने सभी से कड़ाई से कानून व्यवस्था का पालन करवाने की अपील की है। उपनिरीक्षक दीपक गैरोला को पुलिस स्टेशन प्रभारी मालदेवता,थाना रायपुर से थाना कैंट भेजा गया। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश को पुलिस स्टेशन प्रभारी करनपुर कोतवाली डालनवाला से पुलिस स्टेशन प्रभारी मालदेवता थाना रायपुर भेजा गया। उपनिरीक्षक रवि प्रसाद को पुलिस स्टेशन प्रभारी नालापानी कोतवाली डालनवाला से पुलिस स्टेशन प्रभारी करनपुर कोतवाली डालनवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक मिथुन कुमार को पुलिस स्टेशन प्रभारी मयूर विहार थाना रायपुर से कोतवाली डालनवाला भेजा गया। महिला उपनिरीक्षक रीना वर्मा को थाना रायवाला से पुलिस स्टेशन प्रभारी नालापानी कोतवाली डालनवाला भेजा गया। उपनिरीक्षक राजीव धारीवाल को थाना रायपुर से पुलिस स्टेशन प्रभारी मयूर विहार थाना रायपुर भेजा गया। उपनिरीक्षक जावेद हसन को थाना सहसपुर से कोतवाली डालनवाला भेजा गया है। उप निरीक्षक कमलेश गोद को पुलिस स्टेशन प्रभारी बिंदाल थाना कैंट से थाना नेहरू कॉलोनी भेजा गया है। महिला उपनिरीक्षक विनीयता को थाना कैंट से पुलिस स्टेशन प्रभारी बिंदाल थाना कैंट भेजा गया है।

## पेज 01 का शेष...

### सफलता न केवल चयनित युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का है परिणाम : सीएम

इसलिए राज्य में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हमने फरवरी 2025 में ''नई उत्तराखण्ड सड़क सुरक्षा नीति 2025'' लागू की है। इस नीति के अन्तर्गत सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ हमारे इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के योग्य, परिश्रमी और प्रतिभावान युवाओं को उनकी काबिलियत के आधार पर पारदर्शी तरीके से समान अवसर प्राप्त हों। पारदर्शी तरीके से होने वाली भर्ती और पदोन्नति युवाओं में भरोसा जगाती है। यह पारदर्शिता बेहतर तरीके से उन्हें प्रतियोगिता में उतरने के लिए प्रेरित करती है, हमारी सरकार इसी दिशा में निरंतर काम कर रही है। पूर्व की सरकारों की और से भर्ती प्रक्रियाओं पर लगाये गए कलंक को मिटाने के लिए ही हमने राज्य में देश का सबसे कठोर ''नकल विरोधी कानून'' लागू किया है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन: UA/DO/DDN/402/2017-19